# ज्योत से ज्योत जगाओ

ज्योत से ज्योत जगाओ सद्गुरु ! ज्योत से ज्योत जगाओ ॥

मेरा अन्तर तिमिर मिटाओ सद्गुरु ! ज्योत से ज्योत जगाओ ॥

हे योगेश्वर ! हे परमेश्वर ! हे ज्ञानेश्वर ! हे सर्वेश्वर !

निज कृपा बरसाओ सद्गुरु ! ज्योत से...

हम बालक तेरे द्वार पे आये, मंगल दरस दिखाओ सद्गुरु !

ज्योत से ज्योत जगाओ...

शीश झुकाए करें तेरी आरती, प्रेम सुधा बरसाओ सद्गुरु !

ज्योत से ज्योत जगाओ...

साची ज्योत जगे जो हृदय में, सोऽहं नाद जगाओ सद्गुरु !

ज्योत से ज्योत जगाओ...

अन्तर में युग युग से सोई, चितिशक्ति को जगाओ सद्गुरु !

ज्योत से ज्योत जगाओ...

जीवन में श्रीराम अविनाशी, चरणन शरन लगाओ सद्गुरु !

ज्योत से ज्योत जगाओ...